RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 137 • 30:05:2024 • गुरूवार • मूल्य : 5/-

## दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में शरजील को मिली जमानत

● असम और पूर्वोत्तर को देश से काटने की दी थी धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली दंगों में शामिल होने के आरोप में जेल में बंद शरजील इमाम को जमानत दे दी है। शरजील इमाम ने ट्रायल कोर्ट के 17 फरवरी के बेल नहीं देने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इमाम पर जामिया मिलिया इस्लामिया और एएमयू में दिए गए भाषणों में



भड़काऊ बातें करने के तहत राजद्रोह का आरोप लगा था, और अब इस ही मामले में उन्हें राहत मिली है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की बैंच ने इमाम की जमानत याचिका मंजूर कर ली। शरजील इमाम ने अधिकतम सात साल की सजा का आधा हिस्सा काट लेने के आधार पर जमानत मांगी थी। शरजील इमाम की ओर से एडवोकेट तालिब मुस्तफा और अहमद इब्राहिम पेश हुए थे। इमाम के वकील एडवोकेट तालिब मुस्तफा ने बताया कि इमाम को यह बेल कथित राजद्रोह से जुड़े भाषणों क मामले में मिली है।

## पीएम मोदी ने टेलीफोन कर रूस-यूक्रेन की जंग रुकवाई

**सासाराम (एजेंसी)।** काराकाट संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने दो सभाएं कीं। पहले बिक्रमगंज पहुंचे फिर नवीनगर। बिक्रमगंज में राजनाथ सिंह ने कहा



रूस और यूक्रेन की लड़ाई चल रही है। यूक्रेन में हजारों बच्चे पढ़ रहे थे। बच्चों की जिंदगी बचाने की चुनौती थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने टेलीफोन उठाया, रूस के राष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति से बात की और युद्ध रुक गया, यह भारत की ताकत है। हमने जो कहा है, वो किया है। कहा था धारा 370 समाप्त करेंगे और किया है। राम मंदिर बनाएंगे कहा था, बनाया है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा कर दी। आज पांच किलो मुफ्त राशन लोगों को मिल रहा है। एक घर में चार लोग हैं, तो चारों को मिल रहा है। राम लला अब भव्य मंदिर में विराजमान हैं।

## अब साइबर सुरक्षा में भी हो रही भारत की जय-जयकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी एशियाई देश फिलीपीन्स के बाद दक्षिण अफ्रीकी देशों और यूरोपीय देशों में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और अन्य रक्षा उपकरणों की की बढ़ती मांगों के बीच अब भारत की साइबर सुरक्षा उपकरणों और तकनीक की भी मांग दुनियाभर के देशों में होने लगी है। अभी हाल ही में नाटो के एक सदस्य देश ने



चीन के साइबर अटैक से तंग होकर भारत से मदद की गुहार लगाई है ताकि भारतीय साइबर सुरक्षा तकनीक का इस्तेमाल कर वह चीन से दो-दो हाथ कर सके। यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, नाटो के छोटे से बाल्टिक सदस्य, एस्टोनिया ने चीनी साइबर हमलों और हैकिंग की समस्या से निपटने के लिए भारत से साइबर सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए मदद की मांग की है। 10 लाख की आबादी वाले इस देश ने भारत के साथ साइबर सुरक्षा घनिष्ठ संबंध बनाने की इच्छा जताई है।

# देवता हैं मोदी तो मंदिर में रहें, राजनीति में क्या काम

## बंगाल सीएम ममता बोलीं जल्दी ही पूर्व पीएम होंगे मोदी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि यदि वह देवता हैं तो उन्हें राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए। इसकी बजाय उन्हें मंदिर में होना चाहिए।

ममता बोलीं, किसी ने कहा कि जगन्नाथ देव श्री मोदी के भक्त हैं और कोई कहता है कि वह देवताओं के राजा हैं। ऐसी स्थिति है तो फिर उन्हें राजनीति में नहीं रहना चाहिए। ममता बनर्जी ने एक रैली में कहा कि नरेंद्र मोदी गुजरात के निरंकुश मुख्यमंत्री थे और वहां दंगे करा दिए थे। यही नहीं ममता ने प्रधानमंत्री के इस बयान को 'झूठ' बताया कि वह दिल्ली से चक्रवात रेमल की निगरानी कर रहे थे। बनर्जी ने आरोप लगाया कि अगर श्री मोदी सत्ता में लौटे तो धर्म और विचार की स्वतंत्रता नहीं रहेगी। उन्होंने एक जनसभा में कहा, मोदी इतने निरंकुश हैं कि अगर दोबारा चुने गए तो वह कोई



चुनाव नहीं होने देंगे। धर्म और विचार की कोई स्वतंत्रता नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है, लेकिन मोदी जैसा कोई नहीं देखा। उन्होंने कहा देश को ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत नहीं है और उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। वह कुछ ही दिनों में पूर्व प्रधानमंत्री बन जाएंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि एनडीए की सरकार अब जा रही है। उन्होंने कहा कि अब हर कोई कह रहा है कि देश में राजनीतिक हवा की दिशा बदल रही है। उन्होंने यह दावा करने के लिए मोदी पर निशाना साधा कि वह दिल्ली से चक्रवात रेमल की निगरानी कर रहे थे। टीएमसी अध्यक्ष ने कहा क्या एक पीएम को इतना झूठ बोलना शोभा देता है, झूठ बोलना किसी का भी संवैधानिक अधिकार नहीं है। मैं उनसे आग्रह करती हूं कि उन्होंने जो कहा उस पर दोबारा विचार करें। बनर्जी ने प्रधानमंत्री द्वारा चक्रवात के बाद केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की तारीफ पर भी सवाल उठाया। बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार ही एनडीआरएफ का खर्च वहन करती है। उन्होंने 2002 के गुजरात दंगों का जिक्र करते हुए कहा, गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने दंगे कराए।

## गर्मी से बचना और बचाना है, कार्यक्रम चलाया जा रहा है बेव सिटी में

**बेव सिटी - गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)। दिल्ली एनसीआरः** क्षेत्र अर्न्तगत गाजियाबाद जिला अंतर्गत अतिसुन्दर एवं महत्वपूर्ण स्थल वेबसिटी के निवासियों ने समाजसेवा की दृष्टि से गर्मी से बचाव का जागरुकत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो अपने आप में बहुत ही सिम्पल एवं नयाब है। टावर 6 एवं उसके आसपास के टावर के निवासियों ने ए० सिंह भी अध्यक्षता में प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ रीमा कुमारी के संयोजकत्व में गर्मी से बचना- बचाना है। कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस जागरूकता कार्यक्रम में ए० सिंह, श्रीमति सिंह, डा० रीमा कुमारी, प्रकाश कुमार द्विवेदी, विकास कुमार, आंचल कुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल है। जो नित्य दिन फोन, व्हाट्सप्प, टीयूटर आदि माध्यमों से एक दुसरे को जागरूक कर रहे है, कि गर्मी से कैसे बचना है। उनके जागरूकता संदेश में ये बातें रहती है, कि विशेष जरूरी, हो तब ही धूप में घर से बाहर निकले, धूप में बाहर निकलते समय, गमछा, छाता अपने साथ रखे । डा० रीमा कुमारी अपने संदेश में लोगों को जागरूक करते हुए कहती है, कि कही भी जाए पानी का बोतल साथ में रखे और पानी पीते रहे खाने में ज्यादा महत्व साग, कद्दू, करेला जैसी हरी सब्जियों को दे। सतू का घोल पिये तथा नीबू पानी का सेवन बराबर करे। सुपाच्यकारी नास्ता भोजन करे तथा तली हुयी तथा ननभेज नास्ता भोजन से परहेज करे।

*ऐसे कई राजनीतिक दल खत्म हो जाएंगे*

# जो वंशवाद की नींव पर ही खड़े हैं

### बंगाल में पीएम बोले-नतीजों के 6 महीने के अंदर आएगा बड़ा राजनीतिक भूचाल

**कोलकाता (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के 6 महीने के अंदर ही देश की राजनीति में बड़ा भूचाल आएगा। उन्होंने कहा कि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार राज्य की डेमोग्रेफी बदलने में जुटी है। पीएम मोदी ने कहा, आपका एक वोट देश की राजनीतिक दिशा बदल देगा। 4 जून के बाद अगले 6 महीनों में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आएगा। वंशवादी राजनीति के भरोसे चलने वाले कई राजनीतिक दल खुद ही खत्म हो जाएंगे। उनके अपने ही कार्यकर्ता थक चुके हैं। वे खुद जानते हैं कि देश किस दिशा में बढ़ रहा है और उनकी पार्टियों की क्या स्थिति है। हालांकि उन्होंने खुलकर यह नहीं कहा कि वह किस राजनीतिक



भूचाल की बात कर रहे हैं। दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह बात कही। यहां उन्होंने भाजपा के तीन सीटों के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। इस दौरान डायमंड हार्बर, मथुरापुर और जॉयनगर के भाजपा कैंडीडेट भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने कहा कि ममता की सरकार तुष्टीकरण की राजनीति करती है, संतों पर हमले होते हैं। इसके अलावा केंद्रीय योजनाओं को भी रोका जा रहा है। बंगाल में तेजी से घुसपैठ बढ़ रही है। पीएम मोदी ने कहा कि ये लोग चाहते हैं कि घुसपैठिये आकर बंगाल में बस जाएं। उन्होंने कहा, घुसपैठिये बंगाल के युवाओं के हाथों से अवसर छीन रहे हैं। वे आपकी जमीन और संपत्तियां कब्जा रहे हैं।



## भारत वापस आ रहे हैं सेक्स स्कैंडल में फंसे रेवन्ना

### म्यूनिख से बेंगलुरु का कराया टिकट, 31 को होगी वापसी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** सेक्स स्कैंडल में बुरे फंसे जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना भारत वापस आ रहे हैं। उन्होंने 30 मई की तारीख में म्यूनिख से बेंगलुरु की वापसी की उड़ान में टिकट बुक कराया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। विशेष जांच दल (एसआईटी) के सूत्रों के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना के 31 मई को बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी रेवन्ना के बेंगलुरु पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यहां केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर लगातार नजर रख रही है। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) प्रत्याशी के तौर पर फिर से चुनाव लड़ रहे रेवन्ना यह खबर सामने आने के तुरंत बाद विदेश भाग गए थे।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका नामंजूर

● सुप्रीम कोर्ट से 7 दिन की मोहलत मांगी थी, अब 2 जून को जेल जाना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की याचिका लेने से मना कर दिया है। अब उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल वापस जाना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की छूट दी गई है, इसलिए याचिका स्वीकार नहीं की जा रही है। केजरीवाल को 10 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और



दीपांकर दत्ता की अदालत से अंतरिम जमानत मिली थी। उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल में सरेंडर करने को कहा गया था। दिल्ली की लोकल कोर्ट ने 28 मई को केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

# सूरज का प्रकोप, जमकर 'तप' रहे राजस्थान और दिल्ली

### प्रचंड गर्मी ने कई शहरों को झुलसाया, बिहार में 80 बच्चे बेहोश

### दिल्ली में 52 पहुंचा पारा, पाइप से कार धोने पर 2000 जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बुधवार को नौतपा का पांचवां दिन है। बिहार में भी पारा 48 डिग्री के करीब है। गर्मी से बुधवार को 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। राज्य में दो दिन हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में गर्मी से 23 से 29 मई तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य का चूरू मंगलवार को देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 50.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में पानी की कमी के बीच केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने वालों पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनीटरिंग करेगी। पूरे उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। बुधवार को बिहार के शेखपुरा और बेगूसराय के स्कूलों में हीटवेट की वजह से कई छात्राए बेहोश हो गई। इन छात्राओं को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शेखपुरा सदर अस्पताल के डॉक्टर रजनीकांत कुमार ने बताया कि बढ़ते पारे की वजह से छात्र कठिनाई महसूस कर रहे हैं, जिन छात्रों को यहां भर्ती करवाया गया है अब उनकी हालत स्थिर है।



## सांसद की जहां हत्या हुई, उस फ्लैट से मिला 4 किलो मांस

● आरोपी ने यहां सांसद के टुकड़े कर शव को छील डाला था

**कोलकाता (एजेंसी)।** बांग्लादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की जांच कर रहे अधिकारियों को फ्लैट के सेप्टिक टैंक से चार किलो मांस का टुकड़ा और बाल बरामद हुए हैं। यह वही जगह है, जहां सांसद की हत्या के बाद मुंबई के कसाई ने रातभर शव के टुकड़े किए थे। यह भी जानकारी सामने आई है कि सांसद के शरीर को काटने के बाद मांस के टुकड़े फ्लैट के कमोड से बहा दिए गए। जबकि, कुछ टुकड़ों को आस-पास की नहर में फेंका गया है। बरामद मांस के टुकड़े की जांच के लिए सैंपल फोरेंसिक टीम के पास भेजा गया है।



### समुद्र में गरजेंगे भारत के 26 विध्वंसक राफेल

# अब चीन और पाकिस्तान के नौसैनिकों के उड़ जाएंगे होश

● आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य पर होगी तैनाती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और फ्रांस के बीच राफेल को लेकर एक और डील की तैयारी चल रही है। दोनों देश 50 हजार करोड़ रुपये के 26 राफेल समुद्री जेट सौदे के लिए बातचीत शुरू करने वाले हैं। 30 मई को एक उच्चस्तरीय फ्रांसीसी दल वार्ता के लिए भारत आएगा। उसके बाद दोनों देशों के अधिकारी सौदे के अनुबंध पर बातचीत शुरू करेंगे।

इस समझौते का उद्देश्य भारतीय नौसेना के विमान वाहक पोत के लिए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करना है। रक्षा उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि फ्रांसीसी पक्ष लड़ाकू जेट सौदे पर आधिकारिक बातचीत करने के लिए रक्षा मंत्रालय के समकक्षों से मुलाकात करेगा। फ्रांसीसी दल में मूल उपकरण निर्माता



डसॉल्ट एविएशन और थेल्स सहित फ्रांस के रक्षा मंत्रालय और उद्योग के अधिकारी शामिल होंगे। वहीं, भारत की ओर से रक्षा अधिग्रहण विंग और भारतीय नौसेना के सदस्य वार्ता में भाग लेंगे। सरकारी सूत्रों की मानें तो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक फ्रांस के साथ बातचीत को अंतिम रूप देने और समझौते पर हस्ताक्षर करने का प्रयास किया जाएगा।

# जिन पर छापे मारे, पीएम मोदी ने उनसे ही चंदा लिया

● प्रियंका गांधी बोलीं-वह धर्म की बात करके वोट मांगते हैं, आपदा में हिमाचल नहीं आए मोदी

**कुल्लू (एजेंसी)।** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को हिमाचल के कुल्लू और मंडी में जनसभा की। दोनों जनसभा में उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चुनाव में जनता के बीच आते हैं और आपदा, महंगाई, बेरोजगारी की बात नहीं करते। उल्टा धर्म की बात करके वोट मांगते हैं। उन्होंने कहा कि जिस पर छापे मारे, उनसे इन्होंने चंदा लिया। केस ठंडे बस्ते में डाल दिए। छापे बंद हो गए। ये इनकी ईमानदारी और सभ्यता है। किसान आंदोलन करते हैं तो उनका बिजली-पानी बंद किया जाता है, उन्हें आतंकवादी कहा जाता है। बोलने वालों को जेल में डाला जा रहा है। पिछले साल हिमाचल में आपदा आई, लेकिन केंद्र ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया। जबकि मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर बताते हैं। केंद्र ने हिमाचल में कांग्रेस की सरकार होने के कारण राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं की। प्रियंका ने कहा कि आज अडाणी ही खूब फल-फूल रहे हैं। उनके बेटे-बेटियों की शादियां हम देखते हैं। करोड़ों-करोड़ों के लहंगे-चोले पहन रहे हैं। हमारे गरीब लोगों, किसानों व कारोबारियों को कोई नहीं पूछ रहा।



## संक्षिप्त समाचार

### कैंसर को लेकर नर्सिंग स्टाफ को दी गई ट्रेनिंग



**पटना।** कैंसर को लेकर नारायणा कैंसर संस्थान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग स्टाफ को कैंसर रोगियों की देखभाल के बारे में जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ और सेंटर के निदेशक डॉ. अभिषेक आनंद ने नर्सिंग स्टाफ को फिजियोथेरेपी, कीमोथेरेपी, टारगेट थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इन उपचारों के फायदे, साइड इफेक्ट और रोगियों को कैसे इनका प्रबंधन करना चाहिए, इस बारे में भी बताया। डॉ. आनंद ने कहा कि किसी भी अस्पताल के लिए नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे रोगियों को 24 घंटे देखभाल प्रदान करते हैं और उनकी भावनात्मक और शारीरिक ज़रूरतों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की कमी एक गंभीर चिंता का विषय है और जरूरत है कि बड़े पैमाने पर नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर इस कमी को दूर किया जाय। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डॉ. आनंद द्वारा दी गयी जानकारी को आत्मसात किया। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन को जारी रखने पर जोर दिया ताकि नर्सिंग स्टाफ अपनी क्षमताओं को और बेहतर बना सकें और रोगियों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। मौके पर नर्सिंग स्टाफ नंदिनी, रंजीता, शिवानी, रूपक आदि मौजूद थे।

### पटना में भांजा ने मामी को सीने में मारी गोली, घटनास्थल पर ही हुई मौत, पति बोला- हंसी मजाक में गोली चली है

**पटना।** पटना में एक युवक ने अपनी मामी के सीने में गोली मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी भांजा मौके से फरार हो गया। घटना गौरीचक थाना क्षेत्र के लखना गांव की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेजा। छानबीन की जा रही है। एसीडीपीओ सत्यकाम ने इसकी पुष्टी की है। मृतका खुशबू देवी के पति सुधीर शाह ने बताया कि भांजा शुभम पिछले तीन महीने से अपनी नानी घर में ही रहा था। मंगलवार को हंसी-मजाक में ही उसने अपने मामी को गोली मार दी। आरोपी नौबतपुर के परसा गांव का रहने वाला है। वहीं, एसीडीपीओ सत्यकाम ने कहा कि हंसी-मजाक में गोली चलने की बात सामने आ रही है। घटनास्थल से खोखा बरामद हुआ है। हत्यारे भांजे की तलाश की जा रही है।



### बिहटा में बेरहमी से युवक की हत्या, बोरिंग ऑफिस कैंपस में मिला शव, परिजन बोले- पैसे के लिए मार डाला

**पटना।** पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में एक युवक की अपराधियों ने हत्या कर दी। बंद पड़े बोरिंग ऑफिस परिसर से शव मिला है। बेरहमी से हत्या के बाद शव को फेंका गया है। मृतक की पहचान गौरैया स्थान निवासी जोधन कुमार के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि जोधन कबाड़ी का काम करता था। किराए के मकान में बिहटा में ही रहता था। मौत की खबर सुनते ही हमलोग मौके पर पहुंचे। उसके पास पहले से कुछ रुपए थे, जो पॉकेट से गायब था। शरीर पर जला हुआ निशान भी मिला है। पैसे के लिए ही बेरहमी से हत्या की गई है। वहीं, मामले की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। परिजनों के बयान के आधार में मामले की छानबीन की जा रही है। बता दें कि इसी परिसर से पिछले साल एक चौकीदार का शव मिला था। अपराधियों ने हत्या के बाद शव को बोरिंग ऑफिस परिसर में फेंक दिया था। अब दूसरी बार फिर ये यहां एक युवक का शव मिला है। कैंपस में हमेशा नशेड़ियों का अड्डा बना रहता है।



### झारखंड से बीयर ले कर आ रही हाइवा जब्त, छापेमारी में 15 लाख से अधिक के बीयर बरामद, ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर भागा

**पटना।** बिहार मद्द निषेध की टीम ने 15 लाख से अधिक का बीयर जब्त किया है। मद्द निषेध की टीम ने बताया कि झारखंड नंबर का हाइवा से शराब का कंसाइनमेंट बिहार आ रहा है। इसके बारे में जानकारी मिली थी। इसके आधार पर मद्द निषेध की टीम ने ट्रैप लगाकर हाइवा को रोकने की कोशिश की। लेकिन वह भागने में सफल रहा। मुजफ्फरपुर जिले के चेक पोस्ट को सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। हाइवा चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। जांच के दौरान हाइवा से उत्तर प्रदेश में बना हुआ 2750 लीटर बीयर बरामद किया गया है। बरामद बीयर की अनुमानित कीमत 15 लाख 25 हजार आंका गया है। इसके साथ ही एक जीपीएस एक फास्ट टैग को बरामद कर जब्त किया गया है। आगे की करवाई में जुट गई है।



### पाटलिपुत्र विश्वविद्यालयः कॉलेज ऑफ कॉमर्स में शिक्षक ही नहीं... एलएलबी कोर्स में नामांकन की मान्यता खत्म

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ कॉमर्स में एलएलबी की पढ़ाई 60 वर्षों से चल रही थी, कॉलेज की एक समय बड़ी साख थी, लेकिन अब उसमें नामांकन की मान्यता खत्म हो गई है। क्योंकि कॉलेज में न तो कोई शिक्षक ही बचे हैं और न ही शिक्षक के कोई भी पद। तो सवाल यह उठता है कि शिक्षक बहाली होगी कैसे। जो भी हो लेकिन नुकसान तो उन गरीब छात्रों का हो रहा है जो कम खर्चे में सरकारी कॉलेज में लॉ की पढ़ाई कर सकते थे। प्राइवेट कॉलेज से लॉ करने की मोटी फीस है। एक समय में कुल 12 लॉ के शिक्षक हुआ करते थे और समय के साथ एक-एक कर सभी शिक्षक रिटायर हो गए। पिछले वर्ष अंतिम शिक्षक रिटायर हुए हैं। वहीं 2012 में ही सरकार के द्वारा कॉलेज शिक्षकों के पदों के रेशनेलाइजेशन के दौरान इंटर के साथ लॉ शिक्षकों के पदों को भी कॉलेज में समाप्त कर दिया था। यहां से पढ़े हैं कई बड़े वकील और जज कॉलेज ऑफ कॉमर्स में नैक के समन्वयक व शिक्षक संतोष कुमार बताते हैं कि इस कॉलेज से अब तक 5 हजार से अधिक छात्र पढ़कर निकल चुके हैं। इसमें कई बड़े वकील और जज हैं। इनमें कई कॉलेज में आयोजित पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन में आते भी हैं। राजधानी के दो ही सरकारी कॉलेज हैं जहां एलएलबी की पढ़ाई होती है। पहला पटना लॉ कॉलेज और दूसरा कॉलेज ऑफ कॉमर्स। बार काउंसिल ने नियम सख्त कर दिए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होनी जरूरी है। यही वजह है कि विगत वर्ष यहां सीटें भी कम की गई थीं। पटना लॉ कॉलेज में 300 सीट से घटाकर 120 और कॉलेज ऑफ कॉमर्स में 120 सीट से घटाकर 60 सीट कर दी थीं।

# हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती परीक्षा TRE-3 पर लगाई रोक

## 87722 पदों पर निकली थी भर्ती, गेस्ट टीचर को वेटेज देने के मामले पर भी स्टे

एजेंसी, पटना।

पटना हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-3) पर तत्काल रोक लगा दी है। री एग्जाम से पहले हाईकोर्ट ने गेस्ट फैकल्टी को अनुभव नहीं देने को लेकर स्टे लगाया है। इससे पहले पेपर लीक के चलते बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) ने 15 मार्च की परीक्षा रद्द कर दी थी। इस मामले में करीब 300 कैंडिडेट्स को जेल भेजा गया है। यह सभी झारखंड के हजारीबाग में पेपर सॉल्व करते पकड़े गए थे। कुल 87722 पदों पर भर्ती निकली थी।





**गेस्ट टीचर को वेटेज देने के मामले पर भी स्टेः** इसके अलावा प्लस 2 स्कूल के गेस्ट टीचर को वेटेज देने के मामले पर भी स्टे लगाया गया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि गेस्ट टीचर और कॉन्ट्रैक्ट टीचर के कार्य समान हैं। दोनों में कोई फर्क नहीं है। यदि आप नियोजित शिक्षकों को कार्य अनुभव पर मार्क वेटेज देते हैं तो फिर गेस्ट टीचर के साथ ऐसा क्यों नहीं। गेस्ट फैकल्टी को कम से कम पांच अंक का वेटेज देना होगा। 1 साल के लिए 5 अंक 5 सालों के लिए 25 अंक का प्रावधान लागू करना होगा। गेस्ट फैकल्टी संदीप कुमार झा समेत दस लोगों ने याचिका दायर की थी। जिस पर हाईकोर्ट के जस्टिस अंजनी कुमार शरण की पीठ में सुनवाई हुई।

**सरकार का क्या है प्रावधानः** बिहार सरकार की नौकरियों में कॉन्ट्रैक्ट पर बहाल कर्मियों को वेटेज देने का प्रावधान है। 1 साल के लिए 5 अंक और अधिकतम 25 अंक तक का प्रावधान किया गया है। संविदा कर्मी को यह लाभ मिलता है। राज्य सरकार की तमाम नियुक्ति एजेंसियां इस प्रावधान को फॉलो करती है।

**गेस्ट फैकल्टी की नौकरी खत्मः** बिहार के प्लस टू स्कूल समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में गेस्ट फैकल्टी टीचर की नौकरी खत्म कर दी गई है। इस फैसले के विरोध गेस्ट फैकल्टी सड़क पर उतरे थे। इसके बाद हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की गई थी।

# एक्सीडेंट के बाद स्टेयरिंग में फंसा चालक, मौत

एजेंसी, पटना।




♦ जेसीबी से निकाला, पटना में बस-ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर, 8 की हालत गंभीर

पटना के बिक्रम थाना के गोरखरी मोड़ के पासएनएच 139 पर यात्रियों से भरी बस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बस चालक की मौत हो गई। जबकि 12 लोग घायल है, जिनमें 8 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना बुधवार की सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है। बताया जाता है कि एक्सीडेंट के बाद बस का ड्राइवर स्टेयरिंग से फंस गया। उसकी मौत भी हो गई है। उसके शव को जेसीबी से निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर बिक्रम पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बस में यात्रा कर रही गीता ने बताया कि बस पालीगंज से पटना जा रही थी। जबकि खाली ट्रक पालीगंज की तरफ बालू लोड के लिए जा रहा था। इस दौरान दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे मे पालीगंज थाने के एसआई यादव भी घायल हुए हैं। वे चुनाव से जुड़े काम को लेकर पटना आ रहे थे। इस हादसे में कुल 12 यात्री घायल हुए। सभी घायलों को बिक्रम पीएचसी ले जाया गया। 8 घायलों की स्थिति देखते हुए उन्हें डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। दोनों गाड़ी की टक्कर के बाद सड़क पर जाम के हालत बन गए। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को जेसीबी की मदद सड़क के किनारे कराया। उसके बाद गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो सकी।

# पटना में पशुपति वेद विद्यालय के प्राचार्य से ठगी

एजेंसी, पटना।

पटना में पशुपति वेद विद्यालय के प्राचार्य पुजारी अक्षय तिवारी से दिनदहाड़े लाखों की ठगी हुई है। पीड़ित ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दी है। जिसके आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। पीड़ित ने बताया कि बुधवार सुबह बोरिंग रोड होते हुए वेद विद्यालय रिक्शा से पहुंचा था। रिक्शा से उतरते ही एक अज्ञात शख्स ने मुझे आवाज दी, लेकिन मैंने अनसुना कर दिया। शातिर 4 की संख्या में थे। एक व्यक्ति मेरे पास आया और कहा कि बड़ा बाबू बुला रहे हैं। खुद को पुलिस बताते हुए आई कार्ड भी दिखाया। तब मैं उनलोगों के पास गया। वहां पहले से मौजूद दूसरे शख्स ने कहा कि चुनाव के समय में इतना आभूषण पहनकर घूम रहे हो, ये सही नहीं है। इसे उतारकर रख लो। रात में ही मर्डर हुआ है। चेकिंग के नाम पर सोने का ब्रेसलेट, अंगूठी और रुद्राक्ष का माला उतरवा कर सादे पेपर में रखवा दिया। इस बीच मुझे चकमा देकर मेरे झोले में नकली और अपने झोले में असली जेवरात रख दिया। फिर सभी चले गए। अक्षय तिवारी ने आगे कहा कि जब मैं स्कूल पहुंचा तो मुझे ठगी का एहसास हुआ। झोला चेक किया तो उसमें नकली चेन और अंगूठी था। सीसटीवी फुटेज में ठग का चेहरा दिख रहा है। जिस गाड़ी से शातिर पहुंचे थे, उसमें नंबर भी नहीं है। कोतवाली पुलिस स्टेशन में इस मामले को लेकर आवेदन दिया है।



**पुलिस गश्ती और चेकिंग पर सवालः** बता दें, कि आगामी 1 जून में पटना जिले वोटिंग होनी है। चुनाव को लेकर लगातर चेकिंग अभियान चलाया है। ऐसे में इस तरह की घटना होने से सुरक्षा-व्यवस्था पर सवाल खड़ा होना लाजमी है।

# पटना यूनिवर्सिटी के 5 छात्रावास में रेड

एजेंसी, पटना।

♦ हर्ष हत्याकांड में पुलिस का एक्शन, हर कमरे की जांच की गई, हॉस्टल में ही रची गई थी हत्या की साजिश

पटना यूनिवर्सिटी के छात्र हर्ष राज हत्याकांड पर पुलिस की जांच तेज हो गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बुधवार को जैक्सन, पटेल समेत कई हॉस्टलों में सर्च अभियान चलाया। मेन गेट को ब्लॉक कर हर कमरे की जांच की गई। मौके पर मौजूद छात्रों के आई कार्ड को भी जांचा गया। हालांकि इस दौरान किसी संदिग्ध की गिरफ्तारी नहीं है। इसके अलावा बिहार के कई जिलों में भी छापेमारी की जा रही है। सिटी एसपी ईस्ट भारत सोनी ने बताया कि पटना यूनिवर्सिटी के 5 हॉस्टलों में छापेमारी की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हॉस्टल में ही हर्ष की हत्या की साजिश रची गई थी। इस घटना में शामिल कुछ छात्र अभी भी यूनिवर्सिटी में मौजूद हैं। साथ ही हॉस्टल में हथियार रखने की भी सूचना थी। जिसके बाद भारी संख्या में पुलिस बल के साथ हॉस्टलों में सर्च अभियान चलाया गया। फिलहाल कुछ भी बरामद नहीं हुआ है।

**राज्यपाल ने लिया संज्ञानः** इससे पहले मंगलवार को हर्ष राज हत्याकांड पर राजभवन ने संज्ञान लिया था। इस मामले में विश्वविद्यालय के कुलपति और पटना एसएसपी को तलब किया गया था। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पूरे मामले में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे शरारती एवं अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर पुलिस को तत्काल सूचना दी जाए। उन्होंने इस तरह की घटनाओं को रोकने और छात्रावासों को अराजक तत्वों से मुक्त करने के लिए जिला और विश्वविद्यालय प्रशासन को आपस में मिलकर प्रभावी कार्य योजना बनाने को कहा है। जिसके बाद से पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।



**मास्टरमाइंड को पुलिस ने किया गिरफ्तारः** वारदात के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद मास्टरमाइंड चंदन यादव को बिहटा से गिरफ्तार किया था। चंदन ने अपना गुनाह कबूल कर किया। पूछताछ के दौरान इस घटना में शामिल 8 अन्य लड़कों का नाम भी बताया है। ये सभी लड़के पटना यूनिवर्सिटी के छात्र हैं और हॉस्टल में ही रहते हैं।

**क्या है पूरा मामलाः** बता दें कि सोमवार को पटना यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज परिसर में बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष को 15 अज्ञात लड़कों ने पीट पीट कर मार डाला। हर्ष बीए थर्ड ईयर का पेपर दे कर निकल रहा था। बुलेट पर बैठ कर आगे बढ़ते ही अज्ञात लड़कों ने ईंट चला कर उसको गिरा दिया। करीब 15 की संख्या में लड़के लाठी-डंडा ले कर वहां पहुंच। फिर हर्ष को बुरी तरह पीटने लगे। हर्ष के साथ उसका साथी था, अज्ञात लड़कों ने उसे दो से तीन डंडा मारा, जिसके बाद वह वहां से जान बचा कर भाग गया। इसके बाद अज्ञात लड़कों ने हर्ष को मारना शुरू किया। लड़कों ने हर्ष के सीने पर कई बार ईंट से वार किया। जब हर्ष बेहोश हो गया, तब वहां से वारदात में शामिल लड़के फरार हो गए।

**हत्या के विरोध में सड़क पर उतरे छात्रः** इधर, हत्या के विरोध में मंगलवार को छात्र सड़क पर उतर आए थे। बड़ी संख्या में छात्र गांधी मैदान के पास करगिल चौक को जाम कर दिया था। टायर जलाकर सड़क पर आगजनी की गई। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए विरोध कर रहे छात्रों को खदेड़ दिया था।

# आपने मछली खाई, कांटा लगा मोदी जी को

## राहुल, तेजस्वी, मीसा की लंच पर चुनावी चर्चा

एजेंसी, पटना।



### कहा- पीएम झूठे, नर्वस हो चुके हैं

लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और आखिरी चरण की वोटिंग 1 जून को होनी है। वोटिंग से पहले बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ खुद के लंच करते हुए वीडियो शेयर किया है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच मछली और मटन पर राजनीति से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और आरक्षण जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। वीडियो में तीनों नेता खाना खाते हुए नजर आ रहे हैं। इसमें पीएम मोदी के हालिया बयान का जिक्र करते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि मछली आपने खाई, कांटा मोदी जी को लगा। दूसरी ओर वीडियो में राहुल कहते हैं, 'ये जो कह रहे हैं मैं भगवान का काम करता हूं... ये नर्वसनेस है। इस वीडियो में वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी, सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, पाटलिपुत्र से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की प्रत्याशी मीसा भारती भी दिख रही हैं। वीडियो सोमवार का है, जब राहुल गांधी ने पटना में मीसा भारती के लिए चुनाव प्रचार किया था। तेजस्वी, राहुल और मीसा के इस वीडियो पर बीजेपी ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता कुंतल किशोर ने कहा कि शहजादे, शहजादियों को मटन मछली और अपने ऐशो-आराम की ही फिक्र है और किसी की नहीं। तेजस्वी यादव ने मंगलवार रात को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से यह वीडियो शेयर किया। इसके साथ उन्होंने लिखा कि भारतीय जनता पार्टी को भारत की जनता पस्त कर रही है। करीब पौने चार मिनट के वीडियो की शुरुआत में तेजस्वी यादव वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी से कह रहे हैं कि आपकी मछली में कांटा लगा है। तभी राहुल गांधी बीजेपी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहते हैं, क्या खाते हो, क्या बोलते हो, क्या पीते हो, इनका सिस्टम ये ही है। इतना ही नहीं इस चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना झिझक और बिना रुके झूठ बोलते हैं। वे कुछ भी बोल सकते हैं। वो नर्वस हो गए हैं। मीसा भारती ने कहा कि पीएम मोदी तीसरी बार मौका मांग रहे हैं, लेकिन बिहार आकर वे कुछ भी नहीं कह रहे हैं। बीते 10 सालों में उन्होंने क्या किया यह नहीं बता रहे हैं। वहीं, तेजस्वी यादव यह कहते हुए नजर आते हैं कि बिहार में इस बार चौंकाने वाला रिजल्ट आएगा।

# गंगा में डूबने से 1 छात्र की मौत, कंगन घाट पर 5 छात्र नहा रहे थे

एजेंसी, पटना।


पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट पर बुधवार को नहाने गए एक छात्र की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई, जबकि चार छात्र किसी तरह गंगा नदी से तैर कर बाहर निकले।एसडीआरएफ की मदद से डूबे छात्र को गंगा नदी से बाहर निकला गया। इसकी पुष्टि करते हुए चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि मृतक युवक की पहचान रानीपुर निवासी दीपक कुमार के रूप में की गई है।

**सभी छात्र मौके से फरारः** रानीपुर निवासी छात्र दीपक कुमार (14) कुछ दोस्तों के साथ बुधवार को कंगन घाट पर गंगा नदी में नहाने गया था। पांच छात्र नदी में नहा रहे थे। जबकि अन्य छात्र वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान सभी छात्र गंगा नदी में डूबने लगे। इसमें से किसी तरह चार छात्रों ने तैर कर जान बचा ली, जबकि एक छात्र गंगा नदी में डूब गया। गंगा नदी में डूबते ही सभी छात्र वहां से फरार हो गए।



**2 घंटे के बाद निकाला गयाः** स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चौक थाने को दी। सूचना मिलने के बाद चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसडीआरएफ टीम की मदद से गंगा नदी में डूबे छात्र के शव को करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इसके बाद अस्पताल भेजा गया।

# बिहार में गर्मी से 100 से ज्यादा स्टूडेंट बेहोश, 2 दिन सीवियर हीटवेव का अलर्ट



एजेंसी, पटना।

बिहार में गर्मी 12 साल का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। औरंगाबाद में मंगलवार को पारा 48 डिग्री के करीब रहा। भीषण गर्मी के बीच बिहार के सरकार स्कूलों में क्लास चल रही है। 9 जिलों में बुधवार को गर्मी से स्कूलों में 100 से ज्यादा बच्चे बेहोश हुए हैं, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जिन जिलों में बच्चे बीमार हुए हैं वहां का तापमान 40 डिग्री के पार है। बिहार के सरकारी स्कूलों में 15 अप्रैल से 15 मई तक गर्मी की छुट्टी थी। छुट्टी खत्म होने के बाद सुबह 6 से 12 बजे तक स्कूल संचालित हो रहे हैं। इस बार केक पाठक ने पूरे राज्य के लिए एक ही छुट्टी का कैलेंडर जारी किया था। हालांकि, अब शिक्षा विभाग ने स्कूलों की टाइमिंग बदल दी है। क्लास 1 से 8वीं तक के क्लास सुबह 6 बजे से 10 बजे तक संचालन होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इसको लेकर अधिसूचना जारी दर दिया है। बच्चों के बीमार होने के बाद पेरेंट्स का गुस्सा फूटा है। पेरेंट्स स्कूल बंद करने की मांग कर रहे हैं। शिक्षक भी खुद स्कूल की टाइमिंग बदलने की मांग कर रहे हैं। इधर, मौसम विभाग ने अगले 2 दिन बिहार के लिए हीटवेव से गंभीर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

**9 जिलों में 100 से ज्यादा बच्चे बेहोशः** गर्मी की वजह से बेगूसराय, शेखपुरा, सीवान, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, बांका और कटिहार में कुल 100 से ज्यादा स्टूडेंट स्कूल में बेहोश हो गए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

## चिराग बोले-CM के अधिकारी के तुगलकी फरमान से बच्चे बीमार

एजेंसी, पटना।



♦ भीषण गर्मी में स्कूल बंद करें, तेजस्वी ने कहा-सीएम की भी बात नहीं मानते अफसर

बिहार इस समय भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इसका सबसे ज्यादा असर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ रहा है। भीषण गर्मी की वजह से 8 जिलों में 80 से ज्यादा स्टूडेंट्स बेहोश हो गए। इस बीच स्कूल की टाइमिंग में बदलाव को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। इसे लेकर अब बिहार में अब सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी भीषण गर्मी में स्कूल खोले जाने के केके पाठक के फैसले पर आपत्ति जताई है। चिराग ने कहा कि इस तपती गर्मी में स्कूल खुले रहने से बच्चों की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सीएम के सरकारी अधिकारी के तुगलकी फरमान की वजह से बच्चें बेहोश हो रहे हैं। प्रतिदिन अस्पतालों में इलाज चल रहा है। चिराग ने कहा कि ये कोई अत्याचार से कम नहीं हैं। नैतिकता के आधार पर जरूरी है बच्चों की सेहत का देखभाल करना। इस बीच उन्होंने सीएम नीतीश से अपील की है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए बिहार के सभी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की जाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में लोकतंत्र और सरकार नहीं रह गई है। सिर्फ ब्यूरोक्रेसी रहा है। अफसरशाही चरम सीमा पर है। आप तो जानते हैं कि स्कूल की टाइमिंग को लेकर के मुख्यमंत्री की बात को भी नहीं मानी गई। तेजस्वी ने पूछा कि मुख्यमंत्री इतने कमजोर क्यों हो गए हैं। छोटे बच्चों का ध्यान उनको देना चाहिए। इस हालत में मुख्यमंत्री कुछ कर ही नहीं पा रहे हैं। इनको लोगों ने घेर रखा है। अब उनके हाथ में कुछ नहीं रह गया। लगातार गर्मी के कारण स्कूलों में बच्चे परेशान हो रहे हैं। इस पर चिराग पासवान ने कहा कि यह गंभीर विषय है। इसे गंभीरता से लेना चाहिए। अगर कहीं पर भी कोई लापरवाही है। इस बात को बिहार सरकार सुनिश्चित करें। ऐसी घटना जिस तरीके से स्वाभाविक रूप से गर्मी बढ़ रही, बच्चों के स्कूल में इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर छुट्टी की घोषणा करनी करनी चाहे तो वह भी करनी चाहिए। इसमें जो भी अधिकारी बाधक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरैया के बच्चे में मिला एईएस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सरैया के पांच वर्षीय बच्चे अरसन में एईएस की पुष्टि हुई है। बच्चे में एईएस का कारण हाइपोग्लाइसीमिया बताया गया है। बच्चे को 26 मई को चमकी के लक्षण होने पर एसकेएमसीएच में भर्ती किया गया था। हालांकि ठीक होने के बाद उसे 28 मई को डिस्चार्ज कर दिया गया। जिले में एईएस का नया केस मिलने से एईएस पीड़ितों की संख्या 11 हो गई है। सोमवार को भी मीनापुर के एक बच्चे में एईएस मिला था। एसकेएमसीएच में इस वर्ष अब तक एईएस के 19 मरीज मिल चुके हैं।

### मेडिकल कॉलेज में महिला को ठगा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसकेएमसीएच में सीटी स्कैन कराने आई महिला को युवक ने जल्द जांच कराने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया है। पीड़ित सिवाईपट्टी के केतू छपरा निवासी मुकेश राय की पत्नी रंजना कुमारी ने एसकेएमसीएच थाने में शिकायत की है। उसने पुलिस की बताया कि सोमवार को सीटी स्कैन कराने आई थी। नंबर 12 बजे रात का मिला था। घर लौट रही थी। इसी दौरान एक युवक कल आने पर जल्दी सीटी स्कैन कराने की बात कहा था। आज कॉल कर बुलाया था। जांच कराने के लिए 3 हजार रुपए ले लिया। इसके बाद जीरोमाइल स्थित एक जांच घर में ले गया। वहां से वह गायब हो गया। जांच के लिए पूछने पर उसने बताया कि वह पैसा जमा नहीं कराया था। एसकेएमसीएच थानेदार डॉ. ललन पासवान ने बताया कि जांच की जा रही है।

### अवध एक्सप्रेस से मोबाइल चोरी कर भाग रहा शातिर धराया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बरौनी-बांद्रा अवध एक्सप्रेस के यात्री का मोबाइल चोरी कर चलती ट्रेन से उतरकर भाग रहे शातिर को आरपीएफ ने मंगलवार को दबोच लिया। मामले में बनारस के सारनाथ निवासी आनंद मौर्य ने रेल थाना में एफआईआर कराई है। इसमें गिरफ्तार काजी मोहम्मदपुर थाना में मालीटोला निवासी सुजीत कुमार को आरोपित किया। उसके पास से बरामद मोबाइल को जांच व सत्यापन के बाद रेल पुलिस ने आनंद मौर्य को सौंप दिया। दरअसल, आरपीएफ की विशेष टीम जंक्शन के पूर्वी यार्ड में एंबुस लागाकर बैठी थी। इसी दौरान मोबाइल चोरी कर भाग रहा शातिर पकड़ा गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष कुमर ने बताया कि गिरफ्तार शातिर इससे पूर्व ट्रेन से सामान चोरी में दो बार जेल जा चुका है। टीम में इंस्पेक्टर के अलावा दारोगा गोकुलेश पाठक, सिपाही एलबी खान व रितेश कुमार थे। है।

### लोन फर्जीवाड़ा मामले में सरैया का शातिर धराया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** लोन फर्जीवाड़ा मामले में बुधवार को सरैया इलाके के शिवम कुमार को पकड़ा गया है। फर्जीवाड़े का शिकार हुए बेतिया व मोतिहारी के करीब आधा दर्जन लोगों ने उसे शहर में पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। शिकायतकर्तओं ने पुलिस को बताया कि सिविल स्कोर खराब रहने के बाद भी ओवरड्राफ्ट के जरिए 50 लाख रुपए तक लोन दिलवाता था। कई लोगों को इस तरह लोन दिलवाया और इसके एवज 75 हजार रुपए की ठगी की। लोन फर्जीवाड़े के लिए वह सरकारी नौकरी वालों को शिकार बनाता था। शिवम कई जिलों में अपना एजेंट रखे हुए है, जो क्लाइंट को फंसाकर इसे सौंप देते हैं। क्लाइंट लाने वालों को भी कमीशन मिलता है। बेतिया-मोतिहारी ही नहीं, नवादा, नालंदा, पटना समेत कई जिलों में इसके ठगी के तार फैले हुए हैं। डेढ़ दर्जन लोगों से 40 लाख से अधिक ठगी कर चुका है। पश्चिम चंपारण के बेतिया, जमुई के झाझा, बेगूसराय, चकिया व लखीसराय के पांच युवकों ने ठगी के आरोपित शिवम को मोतीझील इलाके से पकड़कर नगर थाना को सौंपा है। नगर थाने की पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। बताया गया कि आरोपित का बिहार के कई बैंकों में सिंडिकेट चलता है। वह जरूरतमंद नौकरीपेशा लोगों को ढूंढ कर उन्हें बैंक में ओडी कराने के नाम पर 75 हजार रुपये बतौर कमीशन लेता था। ओडी कराने के तुरंत बाद वह उन्हीं लोगों को और लोन दिलाने के लिए प्रलोभन देता था। जिनका सिविल स्कोर भी खराब होता था, उन्हें भी लोन दिलाने के नाम पर चार-चार लाख रुपये वसूल लिए। रुपये मिलने के बाद वह अचानक भाग गया। पीड़ित लोगों ने जब उसकी खोज की, तब वह घर पर ताला लगाकर फरार मिला। फोन करने पर उसका फोन भी बंद मिला था। इसके बाद मंगलवार को पीड़ितों ने उसे मोतीझील इलाके में दबोच लिया। इसके बाद आरोपित को पकड़कर नगर थाने ले गए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**9 जिलों का पारा 44 के पार**

# बिहार में गर्मी ने तोड़ा 12 साल का रिकॉर्ड: औरंगाबाद का तापमान पहुंचा 48 के करीब



**पटना, एजेंसी।** बिहार में गर्मी ने 12 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मंगलवार को औरंगाबाद का तापमान 48 डिग्री के करीब पहुंचा। वहीं 9 जिलों का पार 44 डिग्री के पार चला गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार आने वाले दिनों में बिहार के कई हिस्सों में भीषण गर्मी जारी रहेगी। आज गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और बक्सर में हीट वेव को लेकर यलो अलर्ट तो नवादा, मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा और पूर्वी चंपारण में हॉट नाइट का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### 12 साल का गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

पछुआ हवा की वजह से पटना और दक्षिण बिहार के जिलों में झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को बिहार के अधिकतम तापमान का 12 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बक्सर में सीवियर हीट वेव रहा। हालांकि पटना, गया, डेहरी, शेखपुरा, मुई, भोजपुर, वैशाली, औरंगाबाद, खगड़िया, नालंदा, अरवल, रोहतास और मुंगेर में लू जैसे हालत रहे। मंगलवार को टेंपरेचर के टॉर्चर से लोग बेहाल रहे।

### कई हिस्सों में हुई बारिश

रेमल तूफान की वजह से बिहार के पूर्वी और तराई जिलों में पुरवा हवा चली। इन इलाकों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश भी हुई।

### पटना का अधिकतम पारा 4.2 तो गया का 8.6 डिग्री बढ़ा

पटना समेत बिहार के करीब 25 जिलों का अधिकतम पारा मंगलवार को 0.3 डिग्री से 8.6 डिग्री तक बढ़ गया। गया के अधिकतम तापमान में 8.6 डिग्री का बढ़ोतरी हुई है।

### बिजली की खपत का ट्रैंड बदला

पटना में भीषण गर्मी की चपेट में है। इससे बचाव के लिए लोग लगातार कूलर-एसी चला रहे हैं। इससे बिजली की खपत काफी बढ़ गई है। अब तक बिजली कंपनी के तय मानक के अनुसार शाम 6 से रात 11 बजे तक पीक आवर माना जाता था। यह ट्रेंड टूट रहा है। दिन में पीक आवर की तरह बिजली की खपत हो रही है। 26 मई को बिजली खपत का नया रिकॉर्ड बना था।

### हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी

बिहार में भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को अलर्ट किया है। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी अस्पताल अलर्ट मोड़ पर हैं। किसानों को सुबह में खेती का काम निपटाने की सलाह मौसम विभाग की तरफ से दी गई है।


### तेज धूप से ऐसे करें बचाव

डॉक्टर राजेश रंजन ने बताया कि तेज धूप में बच्चों को बाहर निकलने ना दें। बहुत जरूरी हो तो खुद भी भरपूर पानी पीकर और हल्के सूती के कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें। सिंथेटिक कपड़ों से लू लगने की संभावना बढ़ जाती है।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण और बचाव के उपाय

डॉक्टर राजेश रंजन के मुताबिक लू या फिर हीट स्ट्रोक लगने से तेज बखार होता है। कभी-कभी बुखार 105 से 106 डिग्री फारेनहाइट तक हो जाता है। ऐसे बुखार में पसीना नहीं आता है। शरीर में नमक और पानी की कमी हो जाती है। हीट स्ट्रोक होने पर तुरंत बच्चों के जरूरी कपड़े के अलावा बाकी कपड़े उतार दें। ठंडे पानी से बदन तब तक पोंछते रहें जब तक कि बुखार कम ना हो जाए। बच्चे को थोड़ी-थोड़ी देर में ओआरएस का घोल पिलाते रहें। यदि बच्चा बेहोश है तो मुंह से कुछ भी पिलाएं। मरीज को तुरंत नजदीकी डॉक्टर या अस्पताल ले जाएं।

# 3 सहेलियों का सुसाइड...मां की आत्मा से बात करती थी







**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के अखाड़ाघाट की रहने वाली माही 10वीं क्लास में पढ़ती थी। वह बहुत छोटी थी, जब उसकी मां ने दुनिया छोड़ दी। मां की मौत के बाद माही के जीवन में भटकाव आने लगा। भक्ति में डूबी माही के दिमाग में यह बैठ गया कि यह शरीर नश्वर है।

वह अपनी मां की मौत के बाद भी बात करने का दावा करने लगी। कहती थी यह शरीर नश्वर है। यह कभी मरता नहीं। अमरत्व प्राप्तकरता है। यही बात माही के साथ कोचिंग में पढ़ रही योगियामठ इलाके की गौरी और माया के दिमाग में भी बैठ गई। इसके बाद हिमालय पर बाबा से मिलने की चिट्ठी लिखकर तीनों मथुरा पहुंच गई और तीन दिन पहले मथुरा में ही मालगाड़ी के सामने आकर तीनों ने अपनी जान दे दी। गौरी (14), माया (13) और बालूघाट की माही (13) एक साथ 13 मई से लापता थीं। माही के घर से एक लेटर भी मिला, जिसमें लिखा है, जीवन में कुछ परेशानियां चल रही हैं। बाबा ने बुलाया है। इसके बाद सब ठीक हो जाएगा। तीन महीने तक हम लोगों की खोजबीन नहीं कीजिएगा। हम आध्यात्म की खोज में जा रहे हैं। मंगलवार को तीनों छात्राओं के परिजनों के साथ मुजफ्फरपुर पुलिस ने मथुरा पहुंचकर डेड बॉडी की पहचान कराई। पहचान होने के बावजूद पुलिस ने डीएनए टेस्ट कराने का फैसला लिया है। तीनों एक साथ हाथ पकड़ कर मालगाड़ी के सामने आ गई। इसका प्रमाण भी मथुरा पुलिस ने मुजफ्फरपुर पुलिस को मालगाड़ी के ड्राइवर से हुई बातचीत का ऑडियो देकर किया है।

**मालगाड़ी के ड्राइवर के ऑडियो क्लिप से तीनों की आत्महत्या करने का खुलासा :** ऑडियो में मालगाड़ी ट्रेन के चालक कह रहा है कि तीनों लड़कियों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ रखा था। वे मथुरा जंक्शन की ओर से रेल ट्रैक पर आ रही थीं। ट्रेन करीब 60 किमी की रफ्तार से चल रही थी। तीनों लड़कियां बगल वाले ट्रैक पर चल रही थीं। 80-90 मीटर पहले तीनों लड़कियां अचानक मालगाड़ी वाले ट्रैक पर पहुंच गई। इस दौरान ब्रेकलगाना मुश्किल हो रहा था। चंद सेकेंड बाद तीनों लड़कियां ट्रेन से कट गई।

**बहन से कहा था- 2-3 घंटे में आ जाएंगे :** गौरी की छोटी बहन पीहू कुमारी (09) का बयान सामने आया है। 13 मई को मंदिर जाने के समय गौरी की छोटी बहन पीहू भी साथ में मंदिर गई हुई थी। उसने बताया कि हम चारों साथ में गरीब नाथ मंदिर गए। वहां से पूजा करने के बाद सीधे रेलवे स्टेशन गए। उसके बाद मेरी दीदी गौरी ने टिकट काउंटर से तीन टिकट लिया। इसके बाद वो तीनों चलती ट्रेन में बैठने के बाद मुझे बोली कि घर जाओ हम दो-तीन घंटे में आएंगे। इसके दो दिन बाद मैने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी, क्योंकि वह काफी डर गई थी।

**प्रेमानंद बाबा का सत्संग सुना करती थी :** गौरी के चाचा अमित कुमार रजक ने बताया कि गौरी इधर कुछ महीने से पूजा-पाठ ज्यादा करने लगी। नॉनवेज भी खाना बंद कर दिया था। हम लोगों को भी खाने से मना करती थी। काफी समय से प्रेमानंद बाबा का सत्संग सुना करती थी। उसके पास कोई मोबाइल फोन नहीं था। उसकी सहेली माही घर के मोबाइल फोन पर कॉल करती थी। हम लोग उससे बात करवा दिया करते थे। बच्चियों ने 4-5 इंस्टाग्राम आईडी बनाया था।

## आखिरी चरण के मतदान में मौसम ढाएगा सितम; पटना, आरा, बक्सर, नालंदा में पड़ेगी भीषण गर्मी



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण का मतदान भीषण गर्मी के बीच होने के पूरे आसार नजर आ रहे हैं। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, जिनमें पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, काराकाट, सासाराम, जहानाबाद और नालंदा शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 1 जून तक दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। ऐसे में आठों सीटों पर 1 जून को मतदान के दिन हीटवेव की स्थिति रहने और झुलसाने वाली गर्मी पड़ने की आशंका नजर आ रही है। इसका प्रभाव वोटिंग प्रतिशत पर पड़ सकता है। आखिरी चरण की आठ सीटों पर मतदान से चार दिन पहले सियासी और मौसम का मिजाज दोनों तल्ख हो गए हैं। अखाड़े में जी-जान से जुटे दिग्गज उम्मीदवारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मौसम भी जैसे अग्निपरीक्षा लेने में जुटा है। लगता है मौसम और चुनावी मशक्कत के बीच भी एक जंग छिड़ी हुई है। मंगलवार को आखिरी चरण वाली बिहार की आठों सीटों के इलाकों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। आखिरी चरण वालीं बिहार की आठों सीटों पर लोकसभा चुनाव का प्रचार का दौर अंतिम चरण में है। इस बीच भीषण गर्मी ने प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं के साथ ही मतदाताओं के सामने भी परेशानी खड़ी कर दी है। मौसम विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों का अधिकतम तापमान अभी 42 से 47 डिग्री सेल्यिसय के बीच चल रहा है।

**1 जून को वोट देने के बाद अधिकारियों और कर्मियों को करना होगा यह काम, निर्देश जारी :** रडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार 1 जून को वोटिंग के दिन भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इन लोकसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को भीषण गर्मी के बीच ही मतदान करना पड़ सकता है। बीते 24 घंटे के भीतर काराकाट में 47, बक्सर में 46.4, सासाराम में 43.8, आरा में 45.6, पाटलिपुत्र एवं पटना साहिब में 42.8, नालंदा में 44.1 और जहानाबाद में 46.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

## बेगूसराय में इनामी अपराधी भुल्ला गिरफ्तार, एसटीएफ और छौड़ाही पुलिस ने दबोचा

**दलित महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में चल रहा था फरार**

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) एवं बेगूसराय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 25 हजार के इनामी अपराधी कमलेश कुमार सिंह उर्फ भुल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ एवं छौड़ाही थाना की पुलिस को यह सफलता छौड़ाही थाना क्षेत्र के सिहमा चौक के समीप से मिली है। 2022 में छौड़ाही थाना क्षेत्र के सहुरी पंचायत स्थित पुरपथार गांव की एक दलित महिला की खेत में दुष्कर्म के बाद गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। बेगूसराय और समस्तीपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र का मामला काफी हाईप्रोफाइल हो गया था, चिराग पासवान ने घटना की आवाज संसद में भी उठाया।

### घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचा

घटना के बाद छौड़ाही थाना में सीमावर्ती हसनपुर थाना क्षेत्र के नयानगर गांव के कुछ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया था। इसी मामले का अभियुक्त कमलेश कुमार उर्फ भुल्ला करीब दो वर्ष से फरार चल रहा था। बेगूसराय एसपी की अनुशंसा पर बिहार पुलिस मुख्यालय ने भुल्ला पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।उसके बाद से ही छौड़ाही



थाना की पुलिस तलाश कर रही थी। लेकिन सफलता नहीं मिलने पर एसपी मनीष ने एसटीएफ के एसओजी को भी इसके पीछे लगाया था। इसी दौरान शाम में सूचना मिली कि कमलेश कुमार उर्फ भुल्ला सिहमा चौक के समीप है। इनपुट मिलते ही एसटीएफ एवं छौड़ाही थाना की पुलिस ने घेराबंदी कर दिया।

पुलिस की भनक लगते ही भुल्ला ने चकमा देने का प्रयास किया। लेकिन टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि एक दिसंबर 2022 को गन्ना के खेत से महिला का शव बरामद किया गया था। इस मामले में कमलेश कुमार उर्फ भुल्ला प्राथमिकी अभियुक्त था। गुप्त सूचना के आधार पर सिहमा चौक के समीप से गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस हिरासत से आरोपियों को छुड़ाने के मामले में एक्शन दरभंगा में 23 लोगो के घरों पर चिपकाया इश्तेहार

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार के मधुबनी लोकसभा में 20 मई को हुए मतदान के दिन दरभंगा के जाले विधानसभा में हुए फर्जी मतदान के दौरान चार लोगों की गिरफ्तारी के बाद जाले थाना पर धावा बोल फ़र्ज़ी मतदान में पुलिस हिरासत में लिए गए तीन महिला सहित एक युवक को भीड़ द्वारा जबरन छुड़ा कर ले जाने का मामले में पुलिस ने कारवाई तेज करते हुए 23 लोगो के घरों पर इश्तेहार चिपकाया किया है। इस मामले में पहले ही दरभंगा पुलिस ने कारवाई करते हुए चार लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**क्या बोले नगर पुलिस अधीक्षक:** वहीं नगर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने इस बात की पुष्टि कर कहा कि जाले थाना अंतर्गत फर्जी वोटिंग मामले में न्यायालय से वारंट का प्रार्थना किया था। इसके अतिरिक्त कल हम लोगों को इश्तेहार चिपकाने का अनुमति मिला था। उसी आदेश के आलोक में हमलोगों ने जाले थाना अंतर्गत देउरा बंधौली गांव में 23 लोगों के घरों पर इस्तेहार चिपकाया गया है। ताकि फरार लोग पुलिस के समक्ष उपस्थित हो सके। वही उन्होंने कहा इस मामले में विधि संवत आगे की कारवाई की जा रही है।

### बूथ नंबर 85 का है मामला

वहीं इस घटना की सूचना मिलने के बाद देउरा बंधौली गांव पहुंचे ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी




कारवां के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम ने दरभंगा पुलिस के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए कहा कि पता नहीं दरभंगा पुलिस किसके दबाव में यह काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि गांव भ्रमण में लोगों ने कहा कि मामला बूथ नंबर 85 का है। लेकिन साजिश के तहत 87 नंबर बूथ के पीठासीन से मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

यह जांच का विषय है।सबसे गंभीर सवाल है की जो धारा 354 बी महिला के साथ छेड़छाड़ का लगा है। आखिर पुलिस उस बूथ का सीसीटीवी फुटेज क्यों नहीं जारी कर रही है

# लंबी दूरी की ट्रेनों में सीटें फुल: पवन एक्सप्रेस समेत कई गाड़ियों में खड़े होने तक की जगह नहीं



**बाथरूम के गेट पर यात्री बैठने को मजबूर**

**समस्तीपुर, एजेंसी।** स्कूलों में गर्मी की छुट्टी चल रही है। परिवार के साथ हिल स्टेशन जाने की प्लानिंग है, लेकिन ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है। लंबी दूरी की ट्रेनें फुल हैं। दिल्ली, पंजाब, मुंबई, बेंगलुरू, कोलकाता रूट की ट्रेनों में जुलाई से पहले कंफर्म टिकट नहीं है। रेगुलर ट्रेनें भी फुल चल रही हैं। लोगों को ट्रेन में खड़े होने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। हालात ऐसी है कि जनरल बोगी में लोग बाथरूम में बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। हालांकि रेलवे की ओर से समस्तीपुर मंडल से 15 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, फिर लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही है। कंफर्म टिकट नहीं मिलने पर मजबूरन लोग जनरल टिकट लेकर सफर कर रहे हैं।

### ट्रेनों में सीट फुल

समस्तीपुर के रास्ते दिल्ली के लिए इस रूट पर वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस के अलावा बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, स्वतंत्रता सेनानी, दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन एक्सप्रेस महत्वपूर्ण गाड़ी है। लेकिन इन गाड़ियों में जुलाई से पहले कंफर्म टिकट नहीं है।

वैशाली सुपर फास्ट एक्सप्रेस में स्लीपर में 26 जुलाई के बाद कंफर्म टिकट मिल रहा है। जबकि एसी में 15 जुलाई के बाद का टिकट है। इसी तरह बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में भी 30 जुलाई के बाद स्पीलर और 28 जुलाई के बाद ही एसी में टिकट उपलब्ध है।

इसी तरह स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन में 20 जुलाई के बाद स्लीपर और एसी में भी 20 जुलाई के बाद टिकट मिल रहा है। हालांकि इस रूट पर चलने वाली क्लोन एक्सप्रेस में 15 जुलाई के बाद एसी में टिकट मिल रहा है।

### 20 जुलाई के बाद एसी में टिकट

समस्तीपुर के रास्ते मुंबई के लिए चलने वाली एक मात्र पवन एक्सप्रेस फुल ही है। इस ट्रेन में जून महीने में नो रूम है। 15 जुलाई के बाद स्लीपर और 20 जुलाई के बाद एसी में टिकट कंफर्म है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इस ट्रेन में मंगलवार को तीन जनरल बोगी लगाई गई थी, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। बोगी में पैर रखने की भी जगह नहीं थी। लोग बाथरूम के गेट पर बैठे हुए थे। यात्री विपुल कुमार ने बताया कि कई बार ट्राई किया, लेकिन रिजर्वेशन नहीं मिला। जनरल टिकट कटाकर जा रहे हैं। बोगी में बैठने के लिए जगह तक नहीं है। पूरी गाड़ी भरी हुई है। लोग शौचालय के गेट पर भी बैठे हुए हैं। यह परेशानी एक यात्री की नहीं थी। दर्जनों लोग बाथरूम के गेट पर खड़े मिले।

### डीआरएम ने क्या कहा

समस्तीपुर रेलवे मंडल डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे मंडल के अभी 15 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। रेलुलर ट्रेनों में भीड़ है। लोग समर स्पेशल ट्रेनों का उपयोग कर भीड़ से बच सकते हैं।

# एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत बालिकाओं की हुई हीमोग्लोबिन की जांच

चाणक्यभूमि मोतिहारी

• एनीमिया से बचाव को आयरन की ब्लू टेबलेट वितरण के साथ ही माहवारी स्वच्छता के बारे किया गया जागरूक बताया गया कि माहवारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है इससे घबराने या भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है

स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार राज्य एवं जिलास्तर पर महिलाओं, किशोरीयों को माहवारी स्वच्छता के बारे मे जागरूक करते हुए सभी 27 प्रखंडों के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले के कल्याणपुर प्रखंड मे इसके साथ ही "एनीमिया मुक्त भारत" कार्यक्रम चलाते हुए पीएचसी द्वारा चयनित एएनएम की टीम द्वारा उनके कार्य क्षेत्र वाले सभी सरकारी स्कूलों मे बालिकाओं की डिजिटल मशीन से हिमोग्लोबिन की जांच की जा रही है, ताकि उनके शरीर की रक्त प्रतिशत की जानकारी हों, जिससे मालूम हों की वे एनीमिया से कहीं पीड़ित तो नहीं। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कल्याणपुर में अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत सभी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन की जांच की गई, आयरन की ब्लू टेबलेट जिसे प्रत्येक सप्ताह में सेवन किया जाएगा का वितरण किया गया, साथ ही साथ माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया कि माहवारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जिससे घबराने या भयभीत होने ही आवश्यकता नहीं है किशोरियों में माहवारी की शुरुआत 8 वर्ष से 12 वर्ष के बीच हो जाता है बल्कि इस समय हमे अपने निजी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। माहवारी के समय संक्रमण से बचने हेतु सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग आवश्यक है। डॉ श्रवण पासवान ने बताया की एनीमिया के शिकार महिलाओ को चक्कर आना, थकान, या सिर घूमना, दिल की तेज़ धड़कन या



धकधकी होना, त्वचा का पीलापन, नाज़ुक नाखून, सांस फूलना, या सिरदर्द लक्षण हो सकते है वहीं इससे बचाव को आयरन से भरपूर आहार खाना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, खुबानी, अंडे, दालें, नारंगी, मौसमी फल का खूब सेवन,खजूर, आदि आयरन सम्पन्न आहार का सेवन आवश्यक है।वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हासिम साह ने बताया की कस्तूरबा बालिका विद्यालय मे उपस्थित छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे माहवारी से संबंधित सवालों को पूछा गया और अंत में विजेता तीन छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन के लिए गिफ्ट का वितरण किया गया।

मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हासिम साह, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राजीव मिश्रा, रवि कुमार, बीसीएम अजय कुमार, एएनएम नाहिदा ख़ातून,लैब टेक्निशियन सरफराज अहमद, परामर्शदाता ब्रजेश कुमार, पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि मुकेश कुमार एवं राना फ़िरदौस,शोभा कुमारी व अन्य उपस्थित थीं।

## पुरानी रंजिश में महिला को पीटा,घायल महिला बेतिया रेफर



चाण्क्यभूमि मझौलिया

पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदारों ने महिला रुक्मणि देवी की लाठी डंडे और फरसा से धुनाई कर दी,नतीजतन वह घायल होकर बेहोश हो गयी।आनन फानन में परिजनों ने मझौलिया सीएचसी लाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने बेतिया जीएमसीएच रेफर किया।महिला को सिर में चार टांके लगे है,उज़की हालत गंभीर बताई गई है।घटना बरवां सेमराघाट पंचायत के ओझामठिया गावं जिनवालिया की है। बताया गया है कि रुक्मणि देवी श्री किशुन यादव की पत्नी है।वह सरेह से अपने घर लौट रही थी,तभी घात लगाये सत्यनारायण यादव,बाल बच्चन यादव और मुकेश यादव ने घेर कर पिटायी कर दी।इस दौरान बीच बचाव करने आयी सीता देवी की पिटायी कर दी। घायल महिला रुकमनी देवी ने उक्त के खिलाफ मझौलिया थाना में आवेदन प्रतिवेदित किया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत



चाणक्य भूमि बेतिया

नरकटियागंज- सुगौली रेलखंड के कैथवलिया रेलवे गुमटी के पास ट्रैक पार कर व्यक्ती के ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान चनपटिया नगर निवासी 49 वर्षीय शिवाकांत शुक्ला के रूप में हुई है।थाना अध्यक्ष सम्राट सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## चौदह वर्षीय किशोरी का हुआ अपहरण

चाणक्य भूमि

• परिजनों द्वारा पुछने पर जाति सूचक गाली देकर जान मारने की मिली धमकी। पिड़ीत पिता ने थाने में आवेदन देकर लगाईं गुहार

नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत सोमवार की शाम शौच करने गईं चौदह वर्षीय किशोरी को बाईक से अपहरण कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस बावत किशोरी के पिता ने थाने में आवेदन देकर श्यामपुर कोतराहां गांव के लड्डू आलम उसके पिता मुस्तकीम मियाँ,साहेब मियां,हसीना खातुन, मुन्ना आलम को नामजद बनाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।पिड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी लड़की शौच करने निकली लेकिन रात तक घर नहीं आई ।तभी खोज बीन के दौरान गांव के हरेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि उसके लड़की को लड्डू आलम व एक अन्य बाईक पर बैठाकर कहीं तेजी से ले जा रहा था।इस बात को लेकर पिड़ित पिता जब लड्डू आलम के पिता से पुछने गये तो नामजद सभी आरोपी चमार ,सियार कहते हुए जाति सूचक गाली दी।तथा जान मारने की धमकी देते हुए पिड़ित पिता को दरवाजे से भगा दिया।इस घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चा है।तथा इस घटना को लौह जेहाद से जोड़ा जा रहा है।थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में पुलिस जांच करने में जुट गई है। बहुत जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।









## सिरकहिया धागड़ टोली में जमीनी विवाद में जमा कर हुई मारपीट

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

• विधवा ने थाना में आवेदन देकर न्याय दिलाने की लगाई गुहार पट्टीदारों पर लगाया है जबरन कब्जा और मारपीट का आरोप

थाना क्षेत्र के एनएच 727 पर स्थित सिरकहिया धागड टोली गांव निवासी गीता देवी पति स्वर्गीय विनोद धागड़ के बख्शीस जमीन पर पट्टीदारों के द्वारा जबरन मारपीट कर जमीन कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। वही पीड़िता ने पट्टीदारों के विरुद्ध थाना में आवेदन दे कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। अपने दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि पीड़िता को उसके पति के नाम से मौजा सिरकहिया में खाता 12 में 30 डीसमिल जमीन बख्शीस प्राप्त है जिसको उनके पट्टीदार विकास , अनोज और सनोज धागड़ सहित अन्य 12 लोगो के विरुद्ध पीड़िता पर जानलेवा हमलाकर गंभीर रूप से जख्मी कर जबरन जमीन पर खंबा , खूंटा गाड़कर कब्जा करने के विरुद्ध स्थानीय थाना में आवेदन दी है । इधर पीड़िता के पट्टीदारों द्वारा पुनः दूसरे दिन भी मारपीट कर जख्मी कर देने की बात बताई है।

## साठी थाना क्षेत्र के भभटा गांव में विगत 25 में को लोक सभा चुनाव के मतदान करने के क्रम में हुई मार्केट में साठी थाना में प्राथमिक की हुआ दर्ज

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

लोकसभा चुनाव के दौरान वोट देने को लेकर के भभटा पंचायत के सरपंच सरफराज आलम के भाई के साथ मारपीट करने के मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संदर्भ में भभटा निवासी मोहम्मद परवेज ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि दिनांक 25.05.2024 को समय करीब दिन के 2:00 बजे मेरा चचेरा भाई शाहनवाज आलम दरवाजे पर बैठा था तभी हमारे ही गांव के रामप्रवेश शाह आए और बोले कि वोट देने नहीं चलना है तो शाहनवाज बोला की धूप ज्यादा है 3बजे के बाद चलूंगा तो वह गाली देते हुए बोला कि तुम लोग का मन बढ़ गया है वोट खत्म हो जाता है तो तुम्हें बताएंगे। इसी रंजिश से 26.05.2024 को 9 बजे सुबह शाहनवाज आलम इंजेक्शन लेने जा रहा था तो इरफान के घर के पास पहुंचा तो रामप्रवेश शाह गाली देते हुए बोले पैर से लंगड़ा तो हो ही दोनों पैर तोड़ दूंगा



जब शाहनवाज गाली देने से मना किया तो उसके नाक पर फैट से मार दिया जिसे उसके नाक से खून बहने लगा और बोले कि आज तुम्हें जान से मार दूंगा। हो हल्ला सुनकर शाहनवाज के पिता शकील अहमद आए तो देखा कि रामप्रवेश शाह राम अवधेश शाह, लखन शाह,विक्की कुमार, रौशन कुमार सभी मिलकर शाहनवाज के साथ मारपीट कर रहे हैं रामप्रवेश शाह एवं विक्की कुमार शाहनवाज के गले में गमछा लपेटकर जान मरने के नियत से खींच रहे हैं। तभी शाहनवाज के भाई उसे बचाने के लिए आए तो उनके साथ भी वे लोग मारपीट करने लगे तथा मारपीट करने के क्रम में जेब में रखा 5500 रुपया निकाल लिए। जाते समय रामप्रवेश बोला कि हम बेतिया न्यायालय में ताईद का काम करते हैं। एवं हरिजन जाति से भी आते हैं अगर केस किया तो तुम लोगों को हरिजन केस में फंसा दूंगा। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि सरपंच के भाई के साथ मारपीट की घटना सामने आई है इस मामले में सरपंच के चचेरे भाई मोहम्मद परवेज द्वारा थाने में दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है दोनों तरफ से मारपीट की घटना सामने आई है दोनों पक्षों द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।






# बिना सूचना नगर निगम द्वारा निर्माण तोड़ने पर बवाल

चाणक्य भूमि बेतिया



जिस भूमि पर अवैध निर्माण हो रहा था उसपर पहले से ही मामला चल रहा है वहीं कंस्ट्रक्शन करा रहे विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि अब्दुल खान के नाम पर यह खतियानी जमीन है।और बिना सूचना के निर्माण तोड़ने से उनका लाखो का नुकसान हुआ है।

वहीं नगर आयुक्त द्वारा कहा गया कि कुछ प्रॉपर्टी डिलरों के द्वारा सरकारी नाला पर पिलर देकर बाउंड्री का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसके साथ ही किसी भी पक्का कंस्ट्रक्शन से पूर्व निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है। पर ऐसा नहीं किया गया। जबकि हम आपको बता दे कि इन्हीं नगर आयुक्त के कार्यकाल में सैकड़ों ऐसे निर्माण हुए है जो नहीं होने चाहिये थे। आखिर उनपर उनकी नजर क्यूँ नहीं जाती।

## एनआईए के हत्थे चढा पश्चिम चंपारण का युवक

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

नरकटियागंज प्रखंड क्षेत्र के भेडिहरवा पंचायत अंतर्गत हिंगलहर गांव निवासी कलाम राय के पुत्र नबी आलम राय की गिरफ्तारी एनआईए द्वारा दिल्ली में की गई है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नबी आलम गांव तथा आसपास के युवकों को बहला फुसलाकर पैसा लेकर फर्जीवाड़ा तरीके से विदेश भेजने का काम करता था इधर 28 में 2024 को एनआईए की टीम के द्वारा दिल्ली में उसकी गिरफ्तारी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है इस संदर्भ में पंचायत के मुखिया अभिजीत कुमार द्विवेदी अप सनी दुबे ने बताया कि नबी आलम लोगों को विदेश भेजने का काम करता था पता चला है कि फर्जीवाड़ा के मामले में दिल्ली में उसकी गिरफ्तारी एन आई ए टिम के द्वारा की गई है।

## मझौलिया में जल नल का लाभ नहीं मिलने की शिकायत

चाणक्य भूमि मझौलिया

• मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर पंचायत में नल जल योजना का स्वच्छ जल प्रचंड गर्मी में नहीं मिलने को लेकर उपभोक्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मझौलिया से की शिकायत

स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर पंचायत में नल जल योजना का स्वच्छ पेयजल प्रचंड गर्मी में नहीं मिलने को लेकर उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से भाकपामाले नेता जवाहर साह डॉ अनवर उल हक ने करते हुए इसकी जांच करने की मांग की उन्होंने बताया कि प्रखंड के नौतन खुर्द हरपुर गढ़वा मझौलिया बरवा सेमरा घाट जौकतिया लाल सरैया राजाभार अवहार कुड़िया रामनगर बनकट शेख मझरिया आदि पंचायत में भ्रमण के दौरान पाया गया कि अधिकतर वार्ड में भीषण गर्मी के बावजूद नल जल का बनाया गया टंकी शोभा की वस्तु बनी हुई है लाभुक भीषण गर्मी में नल जल के पानी के लिए बेहाल है जब किया मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आता है जब पंचायत के वार्ड क्रियान्वयन समिति के सदस्यों से पूछा गया तो उन लोगों का कहना है कि मेंटेनेंस के अभाव में नल जल का पानी बाधित है उनके द्वारा जब इसकी शिकायत प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी से कहा जाता है तो वे पीएचई दी विभाग का बहाना बनाकर अपनी पल्ला झाड़ लेते हैं जबकि प्रशासनिक स्थानीय अधिकारियों को इसकी जांच करनी चाहिए नेताओं ने बताया कि 15 दिन के अंदर इसमें सुधार नहीं होता है तो पार्टी के बैनर तले विभाग के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन ने समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया।









## सफेद हाथी बनकर रह गया नल जल योजना

चाणक्य भूमि बेतिया

• नल जल योजना ने सड़को को भी कर दिया ख़राब बड़े पैमाने पर सरकारी राशि का दुरूपयोग किया गया : चाँदसी यादव


सरकार की नल-जल योजना टाय -टाय फिस कर गयी है। स्थानीय नगर निगम क्षेत्र में तो यह सफेद हाथी के समान ही है। इस योजना से घरों को पानी तो नहीं मिला लेकिन लोगों को परेशानी जरूर मिला। नल-जल योजना को कार्यान्वयन करने के लिए मोहल्ला गलियों के सड़कों को खोदकर जमीन के अन्दर से पाईप ले गया गया। घरों तक पाइप पहुंचा दिया गया, लेकिन पाइप बिछाने के बाद सड़कों की न तो ठीक से भराई की गयी और न ही ढलाई। औपचारिकता पुरी करने के लिए संवेदक के कर्मचारियों द्वारा किसी प्रकार गड्ढे को भरकर घटिया ढंग से गिट्टी बालू-सीमेंट का मिश्रण गिरा दिया गया। सड़क का लेबल भी नहीं बनाया गया। एक तो पहले से भी सड़कें खराब पड़ी थी. वही इस योजना के कार्ययान्वयन में उन सड़कों को और भी खराब कर दिया गया। इस स्थिति का नजारा किसी भी वार्ड में आसानी से देखा जा सकता है। नल-जल योजना से घरों को तो जल नहीं मिला लेकिन इस योजना से शहर के कुछ ऐसे भी मार्ग है, जो पहले से भी खराब थे, वह बद से बदतर हो गये। सुप्रिया सिनेमा के बगल से कमलनाथनगर मुहल्ला होते हुए दरगाह मुहल्ला के मुख्य मार्ग में मिलने वाली सड़क इसका जीता जागता उदाहरण है। नल जल योजना ने पहले से ही खराब पड़ी इस सड़क को और भी, खराब कर दिया। इस रास्ते से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। उसी प्रकार क्रिस्चियन क्वार्टर सड़क भी है। मुहल्लो को देखे तो पद्ममानगर, महावत टोली,प्रगतिनगर, शांतिनगर जैसे अनेकों मोहल्ले इसके नजीर है।

चनपटिया नगर पंचायत के वरीय समाजसेवी एवं चनपटिआ अधिसूचित क्षेत्र (नगर पंचायत के पूर्वका) के पूर्व अध्यक्ष शिशिर कुमार का कहना है, कि नल-जल योजना तो लूट खसोट का योजना बनकर रह गया है। इसका उदाहरण चनपटिया नगर पंचायत क्षेत्र है। जहां लगभग साढ़ेपाच हजार घरों को इस योजना से जोड़ा गया लेकिन लाभ की स्थिति शुन्य पर है। वही भाकपा के वरीय नेता चांदसी यादव ने आरोप लगाया क्रि बड़े पैमाने पर इस योजना में सरकारी राशि का दुरूपयोग किया गया हैं आश्चर्य तो इस बात का है, कि जिला से लेकर राज्य स्तर तक सर्वविदित है, कि यह योजना लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी फिर भी कार्यवाही नहीं हो रही है।

## प्राथमिक व मध्य विद्यालय के प्रभारी के साथ बीईओ ने की बैठक

चाणक्य भूमि

**केसरिया, पू.च।** बुधवार को बीईओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र स्थित प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के प्रभारी शामिल हुए। संबोधित करते हुए बीईओ श्री तिवारी ने कहा कि हर हाल में विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल स्थापित करें। ताकि बच्चें विद्यालय में पढ़ाई के प्रति जागरूक हो। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यालय प्रभारी को ई-शिक्षा पोर्टल पर नये छात्र-छात्राओं का नामांकन करने का निदेश दिया। वहीं विभिन्न विभागीय योजनाओं का उपयोगिता प्रमाणपत्र अविलंब जमा कराने को निदेशित किया। इस बैठक में बीपीएम अनिल कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेश कुमार पाठक, संजय कुमार, परमेश्वर राम, रूपेश कुमार श्रीवास्तव, औरंगजेब खान, अखिलेश ठाकुर समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714